अनुक्रमांक ..... समय : 1.00 घण्टा

नाम ..... पूर्णांक : 25

प्रश्न-पुस्तिका
द्वितीय सेमेस्टर – 2019
(गणित)

निर्देश :

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. दो असमान परिमेय संख्याओं के बीच परिमेय संख्याएँ होती हैं— **(1)**

(A) 10 (B) 1

(C) अनन्त (D) 2

2. निम्नलिखित कथनों में सत्य कथन है— **(1)**

(A) एक धनात्मक पूर्णांक अपने योगात्मक प्रतिलोम से बड़ा होता है। (B) एक ऋणात्मक पूर्णांक अपने योगात्मक प्रतिलोम से बड़ा होत है।

(C) शून्य एक पूर्णांक नहीं है। (D) -17 > -5

3. 21 की अनुवर्ती की अनुवर्ती संख्या है— **(1)**

(A) 19 (B) 20

(C) 22 (D) 23

4. एक आयताकार मैदान का क्षेत्रफल 0.5 हेक्टेयर है। यदि इस मैदान की एक भुजा 125 मीटर है, तो दूसरी भुजा की माप होगी — **(1)**

(A) 0.4 मीटर (B) 4 मीटर

(C) 40 मीटर (D) 250 मीटर

5. 1 घन मीटर बराबर है— **(1)**

(A) 1000 घन सेमी (B) 10 लीटर

(C) 100 लीटर (D) 1000 लीटर

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

6. दो परिमेय संख्याओं का योगफल -1/3 है। यदि इनमें से एक संख्या -5/18 हो, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए। **(1)**

7. एक वर्गाकार खेत की भुजा (3x + 17) मीटर है। खेत का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जबकि x = -3 है। **(1)**

8. समीकरण 12/5 = 2/5 + 2x/5 में x का मान ज्ञात कीजिए। **(1)**

9. 114, 380 और 133 का महत्तम समापवर्तक ज्ञात कीजिए। **(1)**

10. निम्नांकित चित्र में यदि AC = BD तथा BC = AD हो, तो निम्नांकित कथनों में से कौन-सा सत्य है? **(1)**

11. -(4 - 17) + (10 × 3) - 5 का सरलतम मान ज्ञात कीजिए। **(1)**

लघु उत्तरीय प्रश्न

12. एक भिन्न का हर उसके अंश से 1 अधिक है। अंश तथा हर दोनों में से 1 घटाने पर भिन्न का मान 1/2 हो जाता है। भिन्न ज्ञात कीजिए। **(2)**

13. दो संख्याओं का अन्तर 14 है। बड़ी संख्या का आधा छोटी संख्या के दोगुने से दो कम है। दोनों संख्याएँ ज्ञात कीजिए। **(2)**

14. किसी परीक्षा में 22 परीक्षार्थियों के गणित विषय में प्राप्तांकों का विवरण निम्नवत् है— **(2)**

15. (8y + 3x) **(2)**

16. एक मैदान की लम्बाई 30 मीटर तथा चौड़ाई 15 मीटर है। यदि इस मैदान पर 5 सेमी वर्षा हुई हो, तो ज्ञात कीजिए कि इस मैदान पर कुल कितने लीटर पानी गिरा? **(2)**

17. एक घनाभ की लम्बाई 80 सेमी, चौड़ाई 40 सेमी तथा ऊँचाई 1 मीटर 20 सेमी है। घनाभ का आयतन घन मीटर में ज्ञात कीजिए। **(2)**

18. (2x **(2)**

UPDELEDSTUDY.IN

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/ganit/2019

2. गणित का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/ganit/

3. गणित के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/ganit/

हमसे जुड़ें

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN